20. भोपाल में एम आई सी के अनुरूपी अध्ययनों के लिए आंकड़ा आधारित और सूचना प्रणाली के लिए आई सी एम आर का प्रतिष्ठान।

Manufacture of low quality perfumes

1978. SHRI KAMAL MORARKA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that inferior quality perfumes are being manufactured in the country due to non-availability of ethyl alcohol in sufficient quantity; and

(b) if so, what steps are being contemplated to promote the indigenous production of ethyl alcohol?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILISERS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) Presently Ethyl alcohol is available in sufficient quantity in the country. However there are reports that solvents other than Ehyl alcohol are being used in the manufacture of perfumes.

(b) Does not arise.

हिंदुस्तान फर्टिलाइजर्स कारपोरेशन लिमिटेड का उत्पादन

1979. **श्री सोम पाल :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) हिंदुस्तान फर्टिलाइजर्स कारपोरेशन लिमिटेड के निर्माण कार्य किस तारीख को पूरा हुए थे तथा तब से इस कारपोरेशन में वर्षवार कितना उत्पादन हुआ;

(ख) इस कारपोरेशन की उत्पादन क्षमता कितनी है;

(ग) कम उत्पादन होने के क्या कारण हैं ;

(घ) इसके आरम्भ होने से अब तक वर्षवार घाटा कितना रहा है ; और

(ङ) इसकी उत्पादन क्षमता के पूर्ण उपयोग के लिये कौन-कौन से कदम उठाए गये हैं/उठाए जा रहे हैं ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) भूतपूर्व फर्टिलाइजर कार्पोरेशन आफ इंडिया लि० के पुनर्गठन के परिणामस्वरूप हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर कार्पोरेशन लि० (एच०एफ०सी०) की पहली अप्रैल, 1978 को निगमित किया गया था । एच एफ सी के सभी संयंत्रों की वार्षिक स्थापित क्षमता 1978-79 में 5.01 लाख टन नाइट्रोजन से बढ़ कर 1991-92 में 6.53 लाख टन हो गयी । इसी अवधि के दौरान वार्षिक उत्पादन 2.06 लाख टन से लगभग 2.10 लाख टन के बीच हुआ, 2.89 लाख टन का उच्चतम उत्पादन 1987-88 में प्राप्त किया गया था ।

(ग) एच एफ सी के संयंत्रों में निम्न उत्पादन मुख्यतः प्रौद्योगिकी तथा डिजाइन त्रुटियों, बारम्बार उपस्कर खराबियों, पावर की कमी, निधि बाधाओं तथा औद्योगिक सम्बन्ध समस्याओं के कारण हुआ ।

(घ) एच एफ सी द्वारा इसके आरम्भ से उठाई गई वार्षिक हानि नीचे दी गयी है :—

वर्ष	लाभ(+)/हानि(–) (रु० करोड़)
1978–79	(–) 22.52
1979–80	(–) 36.23
1980–81	(–) 54.05
1981–82	(–) 48.13
1982–83	(–) 55.35
1983–84	(–) 72.40
1984–85	(–) 72.23
1985–86	(–) 71.56
1986–87	(–) 86.22
1987–88	(–) 104.84
1988–89	(–) 156.33
1989–90	(–) 169.79
1990–91	(–) 231.45
1991–92	(–) 240.31
	(–) 1421 46